हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36 .9डिग्री
न्यूनतम 25 .4 डिग्री


तिरंगा यात्रा में उमड़ा सैलाब, कई बाजारों से होकर ...
12


नशे के खिलाफ रोडवेज के चालकों व परिचालकों ...
12

**खबर संक्षेप**

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 को कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान एवं युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सुंदरता थीम पर रखा गया है जिसके तहत एक फोटोग्राफी प्रदर्शनी लगेगी। इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी के साथ ही फोटोग्राफी पर संस्थान में एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।

### ताला तोड़कर लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के गांव घिलोर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर आठ लाख रूपये की नकदी समेत सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव घिलोर निवासी सुखविंदर कौर ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह आठ अगस्त को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। 10 अगस्त को जब वह अपने घर वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से आठ लाख रूपये की नकदी, एक सोने की चेन, अंगूठी व सोने की बालियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### तीन लोगों ने कार सवार व्यक्ति पर किया हमला

**यमुनानगर।** जिले के छछरौली थाना क्षेत्र के गांव लेदी के पास कार में सवार होकर आए तीन लोगों ने गाड़ी में सवार एक व्यक्ति पर डंडों व विंडो से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव डेरा निवासी आस मोहम्मद ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आठ अगस्त को शाम छह बजे अपनी कार में घर लौट रहा था। जब वह गांव लेदी के पास पहुंचा तो एक कार में सवार होकर हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव पलौड़ी निवासी फारुखए फरीद खान व अरशद आए।

### 4.200 किलोग्राम गांजा समेत काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब की डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी से नशा तस्करी के मामले में आरोपी रवि कुमार को 4 किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय 1 दिन के रिमांड पर भेज दिया। बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर डिफेंस कॉलोनी से गुजरेगा।

### युवक पर बदमाशों ने की फायरिंग, पैर पर लगी गोली

**कुरुक्षेत्र।** रविवार देर रात्रि कीर्ति नगर में तीन कारों में सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़े एक युवक नरेश पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इनमें एक गोली नरेश के पैर पर लगी। पैर पर गोली लगते ही नरेश नीचे जमीन पर गिर गया। गोलियों की आवाज सुनते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों के मौके पर एकत्रित होने से बदमाश अपनी दो कारों को मौके पर छोड़कर एक कार में बैठकर फरार हो गए। गुस्साएं लोगों ने बदमाशों की दोनों कारों में तोड़फोड़ कर दी।

**प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत नारायणगढ़ की तहसील से हुई, रजिस्ट्री स्वीकार होने के बाद करना होगा ऑनलाइन स्टांप व रजिस्ट्रेशन शुल्क**

# पेपरलेस होगी जमीन की रजिस्ट्री, सिटीजन पोर्टल पर करना होगा आवेदन

- भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण से लोगों को सुविधा होगी, समय और कागजी कार्रवाई की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

तहसील में सोमवार को पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस आधुनिक और पेपर लेस डिजिटल प्रक्रिया के लिए स्थापित कंप्यूटर एवं डेस्क रुम का शुभारंभ एसडीएम शिवजीत भारती ने रिबन काट कर किया। उन्होंने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट राज्य सरकार के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को तेज, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसका शुभारंभ सबसे पहले प्रदेश में यहां की तहसील से किया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण से लोगों को सुविधा होगी, समय और कागजी कार्रवाई दोनों की बचत होगी। पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम के संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया।


**नारायणगढ़।** एसडीएम तहसील में स्थापित कंप्यूटर रुम का अवलोकन करते हुए।

इसमें एसडीएम शिवाजीत भारती, नायब तहसीलदार संजीव अत्री, रजिस्ट्री क्लर्क, पटवारी और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। रेवेन्यू डिपार्टमेंट के जीएम (आईटी) संदीप सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान इस प्रणाली की पूरी प्रक्रिया का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक (सिटीजन) पोर्टल पर अपनी भूमि से संबंधित जानकारी भरेंगे। इसमें खसरा नंबर और बेची जाने वाली हिस्सेदारी का विवरण शामिल होगा। यह जानकारी सर्कल रेवेन्यू ऑफिसर (तहसीलदार या नायब तहसीलदार) के लॉगिन में जाएगी। वे इसकी जांच कर वेरिफिकेशन करेंगे। सही जानकारी होने पर इसे एक्सेप्ट किया जाएगा।

अन्यथा रिजेक्ट करने का विकल्प भी रहेगा। रजिस्ट्री स्वीकार होने के बाद खरीदार ऑनलाइन स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करेगा। उसे पेमेंट स्लिप अपॉइंटमेंट तिथि के समय प्राप्त होगी। निर्धारित समय पर विक्रेता, खरीदार और गवाह तहसील में उपस्थित होंगे।

**प्रक्रिया के लिए स्थापित चार डेस्क**

इस प्रक्रिया के तहत चार डेस्क स्थापित किए गए हैं। इसमें सबसे पहला आरसी-1 डेस्क है जिसमें हाजिरी दर्ज करना (विक्रेता, खरीदार और गवाह की उपस्थिति)। दूसरे डेस्क आरसी -2 होगा जिसमें फोटो और डिजिटल हस्ताक्षर लेना (विक्रेता, खरीदार और गवाह) शामिल है। तीसरे डेस्क में सीआरओ लॉगिन-साइन, फोटो और डीड की जानकारी की जांच, डिजिटल हस्ताक्षर करना शामिल है जबकि डेस्क चार में आरसी -3 डेस्क- रजिस्ट्री की तीन प्रतियां तैयार करना, एक खरीदार को, एक रिकॉर्ड में, और एक पटवारी के पास म्यूटेशन के लिए भेजना शामिल है। ट्रेनिंग सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। उनके सभी प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी, कागजी काम कम होगा और नागरिकों को एक तेज, सुरक्षित एवं आधुनिक सेवा उपलब्ध होगी। नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने बताया कि इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन सिस्टम के माध्यम से सेल डीड और हुडा लाइसेंस (सुडा कॉलोनी) की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन पेपर लेस होगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस नई तकनीक के माध्यम से रजिस्ट्री से जुड़े सभी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से संरक्षित रहेंगे। इससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या दस्तावेज खोने की संभावना समाप्त हो जाएगी।

**घटना से हड़कंप, सीसीटीवी में कैद हुई हरकत**

# घरौंडा में अज्ञात युवकों ने एक दर्जन गाड़ियों के शीशे तोड़े


**घरौंडा।** बदमाशों द्वारा तोड़ी गई गाड़ियों के शीशे।
फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

सोमवार तड़के शहर में एक अज्ञात युवक ने उपद्रव मचाते हुए करीब एक दर्जन गाड़ियों के शीशे पत्थर मारकर तोड़ दिए। इस घटना से वाहन मालिकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सोमवार की अलसुबह लगभग 3:30 बजे की है। शहर के बीचोबीच स्थित सनातन धर्म मंदिर के समीप खड़ी दो गाड़ियों के पीछे के शीशे तोड़ने से शुरुआत हुई। इसके बाद युवक यहीं नहीं रुका, बल्कि वह लगातार शहर की विभिन्न गलियों में घूम-घूमकर गाड़ियों के आगे और पीछे के शीशे पत्थरों से तोड़ता रहा। सूत्रों के अनुसार, इस अज्ञात युवक ने सनातन धर्म मंदिर, पुराने गर्ल्स स्कूल का मैदान, मंडी मनीराम के पास, और सर्विस रोड के किनारे खड़ी गाड़ियों को भी निशाना बनाया। और रेलवे रोड पर एक काउंटर काउंटर के भी शीशे तोड डाले।कुल मिलाकर लगभग एक दर्जन गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया। कार मालिक अनिल ढींगरा ने बताया कि वह प्रतिदिन अपनी कार अपनी दुकान के सामने खड़ी करते हैं। रविवार रात भी उन्होंने गाड़ी बाहर खड़ी की थी, लेकिन सुबह पहुंचने पर देखा कि कार का पीछे वाला शीशा टूटा पड़ा है और पत्थर अभी भी कार के अंदर था। थोड़ी ही देर में यह खबर फैल गई कि शहर में कई गाड़ियों के शीशे तोड़े गए हैं।

घटना के बाद गाड़ी मालिक और स्थानीय लोग आस-पास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए। फुटेज में युवक की हरकत साफ़ दिखाई दे रही है, हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह नशे में था या किसी अन्य मंशा से यह वारदात कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में लग गई है। पुलिस का कहना है कि दोषी युवक को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

**शिकायत पर होगी कार्रवाई**

> अभी ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर कोई शिकायत आती है उसके आधार पर ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। -दीपक कुमार एसएचओ, घरौंडा थाना

*कांवड़ यात्रा के दौरान साथियों से बिछुड़ गया था युवक*

# कांवड़ लेने हरिद्वार गए युवक की 27 दिन बाद अस्थियां ही वापस लौटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के गांव रमाना रमानी के रहने वाले दो भाई अपने अन्य साथियों के साथ 13 जुलाई को कावंड़ लेने के लिये हरिद्वार गये। और 27 दिन के बाद एक भाई 26 वर्षीय जोगिन्द्र की परिवार वालों को अस्थियां मिली। मृतक जोगिन्द्र के भाई बलविन्द्र सिंह ने बताया कि हम दोनों भाई पांचवीं बार 13 जुलाई को कावंड़ लेने के लिये अन्य साथियों के साथ हरिद्वार गये थे। अगले दिन शाम को हम ऋषिकेश पहुंच गये रात्रि को अराम करने के बाद 15 जुलाई को नीलकंठ के लिये चल पड़े रात्रि 8 बजे वापसी आ गये। सुबह 16 जुलाई हरिद्वार के जल लेकर निकले। 17 जुलाई को बहादराबाद चुंगी से पांच किलोमीटर दूरी पर जोगिन्द्र हमसे बिछड़ गया। हमने उसको आसपास बहुत ढूंढा लेकिन नही मिला फिर साथियों के कहने पर मंगलौर थाने मे गुमशुदा की शिकायत दर्ज करवाई। इस दौरान मैनें आसपास के कस्बों मे और सोशल मिडिया के द्वारा गुमशुदा की सूचना भी दी। 8 अगस्त को फिर ढूंढने के लिये शामली, मुज्जफरनगर से ढूंढते हुये मंगलौर थाने मे शिकायत की जानकारी लेने के लिये पहुंचें। तो वहां उसके मृत होने सूचना मिली। पुलिस ने उसकी पहचान के लिये फोटो दिखाई।


जोगिंद्र की फाइल फोटो।



**तरावड़ी।** जोगिन्द्र की मौत के बाद विलाप करते परिजन।

मंगलौर पुलिस के बताये अनुसार 17 जुलाई को खेमपुर गांव के पास नहर से डेडबाडी मिली और पहचान के लिये तीन दिन के लिये मर्चरी हाउस मे रखवा दिया। कोई पहचान ना होने से हरिद्वार की समाजिक सेवा समिति द्वारा दाह संस्कार किया गया। वहां से पहचान के बाद अस्थियां लेकर घर वापस आ गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की पर्ची काटने पर भड़के किसान, फ्री रखा टोल

हरिभूमि न्यूजः अंबाला

पंजाब के संदारसी गांव के किसान की भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की 250 रुपये की पर्ची काटने पर शंभू टोल प्लाजा पर हंगामा हो गया। मामले को लेकर सुबह पंजाब और हरियाणा की किसान जत्थेबंदियां टोल प्लाजा पर पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचे। किसानों ने यहां पहुंचने के बाद टोल फ्री करवा दिया और किसान की टोल की पर्ची काटने पर विरोध जताया। इस दौरान पंजाब व हरियाणा की किसान यूनियन पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। सवा एक बजे के करीब टोल प्लाजा और किसानों के बीच बातचीत के बाद समाधान निकला। किसानों ने मांगपत्र भी टोल प्लाजा अधिकारियों को सौंपा ताकि किसानों के वाहनों की टोल पर्ची न काटी जाए। किसानों ने पंजाब से अंबाला की तरफ आने वाली साइड का टोल फ्री करवा दिया। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गई।



### राष्ट्र रत्न अवॉर्ड : मीनाक्षी शेषाद्रि और मंदाकिनी की मौजूदगी में सम्मान समारोह

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा रविवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित 'राष्ट्र रत्न अवॉर्ड 2025' समारोह में देशभर से आए समाजसेवी, शिक्षाविद, चिकित्सक, कलाकार और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि और मंदाकिनी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने मंच पर आकर पुरस्कार विजेताओं को शॉल, स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन राजेश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश मलिक, महासचिव अनुज बंसल, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अमित त्यागी, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक रीता गुलाटी, जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी और कोषाध्यक्ष संदीप गोयल मौजूद रहे।

# स्योंसर जंगल में होगा वन्य जीव जंतुओं का संरक्षण: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिहोवा के गांव स्योंसर के सरस्वती क्षेत्र के जंगल की पारिस्थितिकी, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के पूर्णद्घार के लिए सरकार ने संकल्प लिया है। इस विषय को जहन में रखते हुए ही स्योंसर के जंगल में वन्य जीव जंतुओं और पक्षियों के संरक्षण के लिए तीन योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिहोवा के गांव स्योंसर में वन विभाग की तरफ से आयोजित वन महोत्सव के बाद कार्यकतार्ओं से बातचीत कर रहे थे। इस कार्यक्रम के बाद



गांव थाना तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जगह-जगह काफिला रुकवाकर लोगों से बातचीत की और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती संरक्षण रिजर्व में तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है।

### गीता कन्या विद्यालय की विजेता छात्राओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** 76वें वन महोत्सव के उपलक्ष में वन विभाग द्वारा 21 जुलाई को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र की कक्षा 9 की छात्रा आंचल ने लिखित प्रश्न मंच में तृतीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता बाल वर्ग में कक्षा 6 की छात्रा युवानी ने द्वितीय कक्षा 8 की छात्रा मन्नत ने तृतीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता तरुण वर्ग में कक्षा 10 की छात्रा सरगम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वन महोत्सव कार्यक्रम में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा स्मृति चिह्न तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष डॉक्टर जितेन्द्र जांगड़ा, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरिप्रकाश, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, महिला प्रतिनिधि डॉ अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी तथा प्राचार्या सुमन बाला ने समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

**मौसम हुआ सुहाना** **सड़कों व निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी**

# यमुनानगर में जमकर बरसे बदरा, जनजीवन प्रभावित

- बारिश के पानी की निकाशी के दावे हो रहे फेल, जगह जगह जमा हुआ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिलेभर में अर्ध रात्रि से शुरु हुई बारिश सोमवार को दिन भर रुक रुक कर होती रही। इस दौरान सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार तड़के करीब दो बजे से जिले में बारिश शुरु हो गई। बारिश दोपहर तक रुक रुक कर होती रही। जिसकी वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा । इस दौरान कामकाजी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, अधिकांश बच्चे भी भीगते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे। बारिश में सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। जगाधरी के मटका चौक, आजाद नगर, प्रोफेसर कालोनी आदि समेत कई नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, खजूरी मार्ग पर शादीपुर के नजदीक कई जगह तालाब जैसी स्थिति बन गई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार को जिले के रादौर, खिजराबाद, साढ़ौरा, प्रतापनगर समेत सभी स्थानों पर दिन भर रुक रुककर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होती रही।



**यमुनानगर।** बारिश होने से नीचले इलाकों व सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन।

**कहां कितनी हुई बरसात**

| खंड | बरसात एमएम में |
|---|---|
| जगाधरी | 90 |
| छछरौली | 112 |
| सरस्वती नगर | 16 |
| साढौरा | 12 |
| प्रतापनगर | 40 |
| व्यासपुर | 25 |
| रादौर | 05 |

### हथनीकुंड बैराज पर जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी

जिले के मैदानी व पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हथनुकुंड बैराज पर जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। यमुनानदी में शाम को जलस्तर 30 हजार क्यूसिक बह रहा था। सिंचाई विभाग के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल हथनी कुंड बैराज से छोड़ा जा रहा पानी सामान्य सीमा के भीतर है। अभी कोई चिंताजनक बात नहीं है। मगर सिंचाई विभाग व प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। सिंचाई विभाग के सूत्रों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो जलस्तर में और बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अभी स्थिति नियंत्रण में है।

### 9 सिलेंडर समेत आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का गैर कानूनी धंधा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रामू को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक गौरव अधिकारी खाद्य एवं आपर्ति विभाग ने 9 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रामू ग्वाल मंडी रामबाग रोड गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग का गैर कानूनी धंधा करता है। आरोपी सिलेंडरों से गैस निकाल कर दूसरे सिलेंडरों में भरकर आमजन के साथ धोखाधड़ी कर रहा है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**पाठकों के लिए आवश्यक सूचना**
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005

## खबर संक्षेप



### भजन संध्या का किया आयोजन

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब वूमैंस की ओर से सोमवार की शाम को रादौर के लक्ष्मी नारायण मंदिर ब्राह्मण धर्मशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब वूमैंस की प्रधान पूजा माटिया व इनरव्हील क्लब की प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा की देखरेख में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका नीतू चोपड़ा ने भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी।

### 15 अगस्त को मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**रादौर।** रादौर के गीता बाजार स्थित प्राइमरी स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सोमवार को स्कूल के एसएमसी सदस्यों ने सेवानिवृत फौजी सूरजभान को मुख्यातिथि के रुप में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया। स्कूल के प्रिंसीपल रविंद्र कांबोज ने बताया कि प्राइमरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जिसमें सेवानिवृत फौजी सूरजभान मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे।

### विद्यार्थियों ने परेड़ का किया अभ्यास

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में सोमवार को एनएसएस विभाग की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों का अभ्यास किया। अभ्यास कार्यक्रम में सर्वप्रथम एनएसएस के स्वयंसेवकों ने परेड का अभ्यास किया। लगातार बारिश के बावजूद विद्यार्थियों ने परेड का अभ्यास जारी रखा। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के अभ्यास कार्यक्रम में खूब पसीना बहाया। रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी विभिन्न अभ्यास करने में लगे हैं।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह ने फरकपुर में तिरंगा यात्रा का किया शुभारंभ

# तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता एवं गौरव का है सशक्त प्रतीकः श्याम सिंह राणा

**ट्रैक्टर चलाकर खुद तिरंगा यात्रा में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानागर

आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में देशभक्ति का माहौल चरम पर है। इसी कड़ी में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शहर के फरकपुर स्तित बिंद्रा पार्क से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने खुद ट्रैक्टर चलाकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा में लोग अपने हाथों में तिरंगा ध्वज लहराते हुए व भारत माता व वंदेमातरम के नारों का जयघोष करते हुए चल रहे थे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि दुरदर्शी नेतृत्व में तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता एवं गौरव का सशक्त प्रतीक बन रही है। आज तिरंगा यात्रा का आयोजन सारे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है और आज विश्व में हमारे देश की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान से बढ़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने मिलकर स्वदेशी नारे को सार्थक बनाना है और अपने ही देश में बने सामान का प्रयोग करना है।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत का ना विश्वभर में सम्मान से लिया जाने लगा है। उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूतों की याद में जिन्होंने भारत माता की आजादी व देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

उनके सम्मान में शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करवाने एवं देश की रक्षा करने वाले शहीद हमारे देश की आन बान शान थे हैं और हमेशा रहेगें। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में देश के प्रति देशभक्ति निर्माण करना है ताकि महान शहीदों की शहादत को कभी भुलाया न जा सकें।



**यमुनानगर।** फरकपुर में ट्रैक्टर चलाकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

#### तिरंगा यात्रा से लोगों में बढ़ेगा भाईचारा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि इस शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से देश में शहीदों एवं तिरंगे के प्रति लोगों में सम्मान की प्रेरणा जगेगी। वहीं, शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से लोगों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने सभी से 15 अगस्त को अपने घर पर तिरंगा फहराए जाने और शहीदों को श्रद्धांजलि दिए जाने की अपील की। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय रावत, वरिष्ठ नेता संदीप बालियान, राम सिंह रावत, भवानी सिंह, शीशपाल, संजीव कुमार व पार्षद मनजीत कौर आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए छात्राएं।

## बारिश के बीच गोविंदपुरी में छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टूडेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की छात्राओं ने गोबिंदपुरी यमुनानगर में बारिश के बीच तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा किया गया। यात्रा में शामिल 120 छात्राओं ने तिरंगा लेकर बरसात के बीच शहर में तथा गोविंदपुरी में यात्रा निकाली। इससे पहले यात्रा का भगवान परशुराम मंदिर में भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि एवं पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं का उत्साह बढ़ाने का काम किया है। इसी प्रकार इस यात्रा में शामिल छात्राओं द्वारा भी युवाओं का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। यह छात्राएं ही कल का भविष्य हैं। मौके पर उन्होंने सिंदूर कांड व अन्य भारत के पराक्रम की भी सराहना की और कहा कि आज भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

मौके पर जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह छात्राएं देश का गौरव है। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा जो यह एक साहसिक कदम उठाया गया है इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम होगी। अंत में इंडियन मीडिया सेंटर की ओर से पूर्व शिक्षा मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मछली पालन आजीविका का है अच्छा साधनः राजेंद्र

■ मत्स्य संरक्षण एवं पूर्नवासन कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानागर

पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यूजेसी) में सोमवार को मत्स्य संरक्षण एवं पुर्नवासन कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी एवं प्रगतिशील मत्स्य किसान राजेन्द्र पाल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

मुख्यातिथि एवं प्रगतिशील किसान राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मछली पालन किसानों की आजीविका का अच्छा साधन है। मत्स्य संरक्षण एवं पुर्नवासन कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा गत नौ जुलाई को जिला यमुनानगर से ही की गई थी। इसके बाद पूरे हरियाणा राज्य में मत्स्य संरक्षण एवं पुर्नवासन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समापन आज सोमवार को जिला यमुनानगर में ही किया गया। मौके पर जिला मत्स्य अधिकारी दिलबाग सिंह ने बताया कि मछली पालन देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

किसान की आय में बढ़ोतरी का एवं राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बनाने की ओर अग्रसर है। दिलबाग सिंह ने बताया कि मछली जलीय खाद्य आहार श्रृंखला का एक अहम घटक है जो जलीय वातावरण शुद्धीकरण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। जिससे जलीय प्रदूषण व अवांछित घास व कीट उत्पत्ति नियंत्रित रहती है। उन्होंने बताया कि नदी नहरों में मछली बढ़ोतरी होती है। जिससे मछली शिकार करने वालों के लिए आजीविका रूपी मछली शिकार सुनिश्चित हो पाता है।

जिला मत्स्य अधिकारी ने कार्यक्रम में शामिल होने पर मुख्य अतिथि व सभी मत्स्य किसानों का आभार व्यक्त किया। मौके पर मत्स्य किसानों में जगतार सिंह, जसवंत सिंह, ठेकेदारव शिकारियों तथा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।


**यमुनानगर।** चल रहे मत्स्य संरक्षण एवं पुर्नवासन कार्यक्रम के समापन पर मछलियों को पानी में छोड़ते हुए मुख्यातिथि व मत्स्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# तिरंगा यात्रा को जिम्मेदारी समझें हर कार्यकर्ताः नेपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा रादौर मंडल के कार्यकर्ताओं की सोमवार को कस्बा के सफल पैलेस में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षत कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने की। उन्होंने मंगलवार को कस्बा में आयोजित की जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने कहा कि कहा कि मंगलवार को रादौर में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी समझें। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं की तिरंगा यात्रा को लेकर ड्यूटियां लगाकर उन्हें यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए आहवान किया। नेपाल राणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बलबूते ही पार्टी ने तीसरी बार देश व प्रदेश में सरकार बनाने का काम किया है। तिरंगा हमारे देश की शान है। जिसकी शान के लिए कई क्रांतिकारी शहीद हुए हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, चेयरमैन विपिन कंबोज,चेयरमैन शालू मेहता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, अमित गुप्ता व राजेश चौपड़ा आदि मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए नेपाल राणा।

# योगासन शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का है मार्गः पुंडीर

■ नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में पांचवें जिला योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानागर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में जिला योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन यमुनानगर के तत्वावधान में जिलास्तरीय योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा ओलंपिक संघ के सदस्य रोहित पुंडीर ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता मुख्य संरक्षक मोहिंदर सिंह व अध्यक्ष आस्था राणा ने की। चैंपियनशिप प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

योगासन प्रतियोगिता में अंडर दस से 14 वर्ष के लड़का वर्ग में उमंग ने प्रथम, प्रभजोत ने द्वितीय व भोमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंडर दस से 14 वर्ग की लड़कियों की प्रतियोगिता में वर्णिका ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय व दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अंडर 14 से 18 तक के वर्ग के लड़कों की प्रतियोगिता में उज्जवल ने प्रतम, अगम ने द्वितीय व सुखबीर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 14 से 18 वर्ग की लड़कियों की योगासन प्रतियोगिता में नव्या ने प्रथम, सेहज ने द्वितीय व चाहक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 18 से 28 वर्ग की लड़कों की प्रतियोगिता में अभिषेक ने प्रथम व इसी वर्ग की लड़कियों की प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय व लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़कों के 28 से 35 आयु वर्ग में लव कुमार ने प्रथम व इसी वर्ग की लड़कियों की प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 35 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों की प्रतियोगिता में अरुण ने प्रथम व लड़कियों की प्रतियोगिता में पूजा सचदेवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 45 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में मनोज कुमार ने प्रथम व लड़कियों की प्रतियोगिता में मंजीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्यातिथि रोहित पुंडीर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


**यमुनानगर।** योगासन प्रतियोगिता में विजेता बने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# स्ट्रीट लाइटें बंद, लोग परेशान

■ कस्बावासियों ने संबंधित अधिकारियों पर लगाया स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं करवाए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के बस स्टैंड के नजदीक लगाई गई स्ट्रीट लाइटें लंबे अर्से से खराब पड़ी होने से लोगों को आए दिन कोई न कोई वारदात होने का डर सताने लगा है। खास बात यह है कि सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने सभा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ चंडीगढ़ पहुंचकर मुख्यमंत्री को शिकायत देकर बस स्टैंड के पास लंबे अर्से से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग की जा चुकी है।

मगर अभी तक समस्या जस की तस बनी है। लोगों ने जिला प्रशासन से बस स्टैंड के नजदीक खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक करवाए जाने की मांग की। सैनी सभा रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि रोजाना देर रात तक रादौर के नागरिक अपने काम धंधे निपटाकर दूर दराज से बस में सवार होकर बस स्टैंड पर उतरते हैं।

मगर बस स्टैंड के नजदीक स्ट्रीट लाइटें खराब होने से घना अंधेरा होने के कारण उन्हें अपने घर तक पहुंचने में कोई वारदात होने का डर सताता रहता है। उन्होंने बताया कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत देकर स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग कर चुके हैं। मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाए जाने के आदेश भी दिए जा चुके हैं। मगर संबंधित अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। समाजसेवी संदीप सैनी ने बताया कि मामले को लेकर उनके पास संबंधित कर्मचारियों ने फोन किया था। लेकिन बंद पड़े टावर लाइट को ठीक नहीं किया गया। मात्र उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं की गई तो वह फिर से प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री को इस बारे शिकायत देकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करेंगे। उन्हें शिकायत को बंद करने के लिए उनके हस्ताक्षर करवाने की जिद पर अड़े रहे। लेकिन टावर लाइट को ठीक नहीं करवाया। रोडवेज कर्मचारी खराब पडी टावर लाइट को नगरपालिका का बता रहे है।


**यमुनानगर।** रादौर बस स्टैंड के नजदीक बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें।

# बसपा राष्ट्रीय राजनीति में है मजबूत स्तंभः डॉ. निर्मल

**यमुननानगर।** बहुजन समाज पार्टी वर्तमान में राष्ट्रीय राजनीति में मजबूत स्तंभ के रुप में मजबूत संगठन के रुप में देश भर में कार्य कर रही है। देश भर में बसपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। पार्टी सुप्रिमो बहन मायावती के नेतृत्व में संगठन का हर कार्यकर्ता एक चट्टान के रुप में कार्य करते हुए पार्टी सुप्रिमों के आदेशों की पालना कर रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी सोमवार को कैंप स्थित अपने कार्यालय में दी। बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि देश में राष्ट्रीस्तर पर बहुजन समाज पार्टी के अलावा पांच अन्य पार्टियां भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट) व नेशनलिस्ट पिपुल्स पार्टी ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल के रुप में कार्य कर रही हैं। आज देश भर में बहुजन समाज पार्टी मान्यता प्राप्त दलों में अपनी पहचान बनाए हुए है। इसका पूरा श्रेय बसपा की सुप्रिमो बहन मायावती व मिशन के सच्चे सिपाही के रुप में कार्य कर रहे पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है। जो बधाई के पात्र हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों, झूठे प्रचार और राजनीतिक षड्यंत्रों के बावजूद बसपा के मिशन को जीवित रखा है। उन्होंने उन लोगों को लताड़ लगाई जो बसपा के प्रभाव घटने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहेब द्वारा स्थापित इस आंदोलन को बहन मायावती के नेतृत्व में लगातार दिशा और गति मिल रही है। बसपा के चिंतक और कार्यकर्ता न केवल अपने मतदाताओं को जोड़े रख पाए हैं। बल्कि आने वाले समय के लिए नए वर्गों और युवाओं को भी प्रेरित कर रहे हैं। बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने दावा जताया कि वर्ष 2027 के चुनाव और आने वाले वर्षों में यह मिशन और मजबूत होगा। क्योंकि हाथी की चाल धीमी जरूर होती है।



# साधु संतों ने लिया जन्माष्टमी पर्व 15 अगस्त को मनाए जाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ धार्मिक संस्थाओं के जुड़े साधु संतों की रादौर में हुई बैठक



रादौर में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाने को लेकर सभी धार्मिक संस्थाओं से जुड़े साधु संतो की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धनंजय स्वरूप ब्रह्मचारी ने की।

धनंजय स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि बैठक में सभी ने पंचांग के अनुसार सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार शुक्रवार को 15 अगस्त को ही मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में श्री दंडी स्वामी आश्रम नागेश्वर धाम पक्का घाट मंदिर, श्री शिव मंदिर अंधेरिया बाग, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कच्चा घाट, देवी मंदिर मेन बाजार, हनुमान मंदिर मेन बजार व राधा कृष्ण मंदिर आदि समेत अन्य मंदिरों के साधु संतों ने भाग लिया। सभी ने एक मत से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 15 अगस्त को मनाए जाने का निर्णय लेकर इसे शुभ दिन बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि सभी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार प्रेम व सदभावना से मनाए।

### जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में पांच शिकायतों का हुआ समाधान

# प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समस्याओं का समाधानः सहोता

■ डीआरओ तरूण सहोता ने बताया कि ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में छह शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में डीआरओ तरुण सहोता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया।

डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में पांच समस्याओं को समाधान किया गया। जिनमें मानकपुर दो निवासी सतीश कुमार ने ट्यूबवेल का कनेक्शन लगवाने बारे, धानुपुरा निवासी संजीव कुमार ने इंतकाल करवाने बारे, गंगानगर कॉलोनी निवासी सलामुदीन ने गली को रिपेयर करवाने बारे, कृष्णा कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र ने मिठाई की फैक्टरी बंद करवाने बारे व अकालगढ़ निवासी सटार ने पंचायत की भूमि से पेड़ काटने बारे समस्या का समाधान किया गया।


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीआरओ तरुण सहोता। फोटो : हरिभूमि

#### जिला व उपमंडलस्तर पर हो रहे शिविर आयोजित

डीआरओ तरूण सहोता ने बताया कि जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। इस अवसर पर इस अवसर पर डीएसपी कवलजीत सिंह आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### समस्याओं का त्वरित हो रहा समाधान

डीआरओ तरूण सहोता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### देवताओं की पूजा से जीवन में अकाल कष्ट नहीं आता

**कुरुक्षेत्र।** गांव फरदलपुर में सतीश सैनी के निवास स्थान पर जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक सद्गुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले द्वारा प्रेरणा



देते हुए कहा कि हमें अपने गुरुदेव जी कृपा से माता पिता का व कन्या पूजन कर करके ही घर से बाहर निकलना चाहिए। अपने स्थानीय देवो की भी पूजा करनी चाहिए। स्थानीय देवी देवता व गुरु पूजा से कभी भी जीवन में अकाल कष्ट नहीं आता। इसीलिए हमें अपने गुरुदेव के चरणों में जाकर व माता पिता के पास बैठकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करके जीवन को आनंदमय और सुखमय में बिताना चाहिए।

### इस्कॉन में बलराम पूर्णिमा महोत्सव की भव्य धूम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर स्थित इस्कॉन श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर



में बलराम पूर्णिमा का पावन उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। लगभग 250 भक्तगणों की उपस्थिति में पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, कीर्तन और उल्लास का अद्भुत वातावरण रहा। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीकृष्ण बलराम के महाअभिषेक से हुई, जिसमें विभिन्न पवित्र द्रव्यों झ दूध, दही, घी, शहद और पुष्पजल झ से सुंदर अभिषेक संपन्न हुआ। इसके पश्चात भक्तों ने मधुर कीर्तन और हृदयस्पर्शी कथा का रसपान किया।

### हिन्द संग्राम परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित

**कुरुक्षेत्र।** हिन्द संग्राम परिषद कुरुक्षेत्र ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की है, जिसमे सतीश शर्मा संरक्षक, सुरेंद्र कौशिक अध्यक्ष, वरिष्ठ उप अध्यक्ष संजीव गोयल, उपाध्यक्ष प्रेम शुक्ला, महासचिव अनिल वर्मा, सचिव प्रवीन कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश भटनागर, संगठन सचिव मिहा सिंह रंगा, सह संगठन सचिव विजय कुमार निझावन, प्रचार सचिव कुलदीप सैनी, प्रेस सचिव विनोद कुमार, ऑडिटर योगेश गोड़, सलाहकार संत कुमार। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे बाखूबी निभाएंगे।

### एसकेएस के प्रधान बने बलवान मोर

**पिहोवा।** सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपालिका कार्यालय में पिहोवा ब्लोक का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। त्रिवार्षिक सम्मेलन में 60 डेलीगेट, 4 आब्जर्वर व 3 अतिथियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में सचिव द्वारा सांगठनिक व कोषाध्यक्ष द्वारा वित रिपोर्ट पेश की गई। सांगठनिक व वित रिपोर्ट पर 2 डेलीगेट ने बहस में हिस्सा लिया। आगामी तीन वर्षो के लिए सर्वसम्मति से ब्लाक पिहोवा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें बलवान मोर को प्रधान, गुरचरण संधू सचिव, अमरिक सिंह सह सचिव, केशा राम उपप्रधान, मास्टर संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, विरेन्द्र संगठन सचिव, सुरेन्द्र प्रैस सचिव निर्वाचित हुए।

---

### पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे ध्वजारोहण, फाइनल रिहर्सल 14 अगस्त को

# पुलिस लाइन में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

- बारिश होने पर वैकल्पिक स्थल होगा पिपली अनाज मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय पर्व पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ध्वजारोहण करेंगे। इस वर्ष भी पुलिस लाइन में राष्ट्रीय पर्व का आयोजन किया जाएगा। अगर बारिश होती है तो 15 अगस्त का कार्यक्रम पिपली अनाज मंडी में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय पर्व की तैयारियां निर्धारित समय के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त महावीर प्रसाद सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त महावीर प्रसाद ने प्रत्येक अधिकारी की ड्यूटी के बारे में अवगत करवाया और सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित तैयारियों को पूरी ईमानदारी के साथ समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फाईनल रिहर्सल 14 अगस्त को की जाएगी। इस रिहर्सल के लिए भी पिपली अनाज मंडी व पुलिस लाइन पर तैयारियां पूरी रखी जाए। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इस समारोह की गरिमा के अनुरूप सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों में जुट जाएं ताकि आजादी का जश्न भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन इस वर्ष पुलिस लाइन, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया जाएगा, जबकि 15 अगस्त को मौसम खराब होने की स्थिति में पिपली अनाज मंडी को वैकल्पिक कार्यक्रम स्थल के तौर पर निश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक मास पीटी शो का आयोजन होगा, परेड में पुलिस, महिला पुलिस, होमगार्ड व एनसीसी की प्लाटूनें शामिल रहेंगीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर प्रशंसा पत्र प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता भी आवेदन कर सकते हैं।




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त महावीर प्रसाद।

#### कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे दी जानकारी

पिहोवा, शाहाबाद, लाडवा उपमंडल में भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा इसके लिए संबंधित एसडीएम सभी आवश्यक प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश आशीष कुमार ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य विभाग पीने के पानी तथा शौचालय की व्यवस्था की जाएगी, उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ट्रैफिक कंट्रोल व सुरक्षा के इंतजाम करेगा तथा सिविल सर्जन एम्बुलैंस व फस्ट ऐड की व्यवस्था करेंगे,लोक निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग पुलिस विभाग के निदेर्शानुसार करवाई जाएगी तथा बिजली विभाग बिजली आपूर्ति व जनरेटर की व्यवस्था करेगा। इस मौके पर एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अभिनव सिवाच, एसडीएम डा.चिनार चहल, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, डीएसपी सुनील कुमार, डीएसपी रोहताश सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पिहोवा। रिहर्सल करते बच्चे।

#### बच्चों ने किया जमकर अभ्यास

**पिहोवा।** एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक ढंग से मनाने के लिए छोटे बच्चों से लेकर सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को एक टीम की तरह एकजुट होकर कार्य करना है। इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी इंतजाम व व्यवस्थाएं की जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह पिहोवा की अनाजमंडी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने के लिए रिहर्सल के पहले दिन विभिन्न स्कूली बच्चों ने जमकर अभ्यास किया गया। इस मौके पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा मार्च पास्ट व पीटी की रिहर्सल अनाजमंडी के प्रांगण में की गई। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने के लिए चयनित स्कूलों की टीमों द्वारा भक्तिमय गीतों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एनसीसी तथा एनएसएस की टीमों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा पीटी शो की प्रस्तुति की जाएगी। इन कार्यक्रमों की रिहर्सल का कार्य अनाजमंडी पिहोवा में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में स्वतंत्रता दिवस को मनाने का उत्साह देखा जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूरे भव्य रूप से मनाया जाएगा। सभी विभागों को उनके विभाग से सम्बंधित तैयारियां पूर्ण करने के लिए आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मार्च पास्ट व पीटी के लिए गुरु नानक देव अकादमी, गीता मॉडल स्कूल, एसडी स्कूल, सीडी पब्लिक स्कूल, बीएमएस स्कूल, शिव शिक्षा निकेतन स्कूल, अनंत राम स्कूल तथा राजकीय कन्या वरिष्ठद्ध माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी व मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय कन्या वरिष्ठद्ध माध्यमिक विद्यालय द्वारा एनएसएस, गर्ल्ज गाईड, डीएवी कालेज द्वारा एनसीसी, गीता मॉडल स्कूल द्वारा स्काऊट, डीएवी स्कूल द्वारा फ्लैग मार्च तथा बाबा श्रवण नाथ स्कूल द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर किरण कुमार पीटीआई, दलविंद्रजीत सिंह डीपी, डा. दीपक, मनोज कुमार पीटीआई, हरपाल सिंह डीपी, चंद्रभान तथा संजीव कुमार द्वारा विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी गई।

## केयू में तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत



कुरुक्षेत्र। छात्राओं को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व में तिरंगा भारत वर्ष की पहचान है। तिरंगा भारत देश की शान है। हाल ही में रूस एवं यूक्रेन के बीच हुए युद्ध में जिस देश के नागरिक ने भारत देश का झंडा हाथ में उठाया वह वहां से सुरक्षित निकल के आया। यह उद्गार हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने केयू सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा द्वारा सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए रक्षा सूत्र कार्यक्रम की योजना हेतु आयोजित तिरंगा यात्रा को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इकृषि मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार बार्डर पर भारतीय सैनिक देश की रक्षा में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं उसी प्रकार भारत के 140 करोड़ लोगों को देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए।

#### यात्रा देश की एकता व अखंडता की प्रतीक

जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने कहा कि बेटियों की यह तिरंगा यात्रा देश की एकता एवं अखंडता की प्रतीक है। जिला संयोजक डॉ. राजेश वधवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 8 दिन की इस यात्रा की शुरूआत रविवार को एमडीयू यूनिवर्सिटी, रोहतक से हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने की है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद जिला यात्रा संयोजक विकास बतान ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. परमेश कुमार, विकास बतान, डॉ. सलोनी दिवान, ऋषिपाल मथाना आदि मौजूद रहे।

---

## पूरे देश में तिरंगा यात्राओं की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- इंदिरा गांधी नैशनल कालेज की एन.एस.एस. इकाई ने निकाली तिरंगा यात्रा

लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज की एन.एस.एस. इकाई की ओर से तिरंगा यात्रा जो रोहतक से शुरू होकर पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र होते हुए सोमवार को लाडवा पहुंची। लाडवा पहुंचने पर यात्रा का मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी, लाडवा नपा प्रधान साक्षी खुराना व कालेज के प्राचार्य डा. कुशल पाल ने स्वागत किया और उनका हौंसला बढ़ाया। इस तिरंगा यात्रा में लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा नैंसी व स्वयंसेविकाएं यात्रा की अगुवाई कर रही है। कालेज के प्राचार्य डा.कुशल पाल ने बताया कि तिरंगा यात्रा रोहतक से शुरू हुई थी जो पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला, चंडीगढ़, खटकडकला, जम्मू, अनंतनाग, श्रीनगर, अमृतसर से होती हुई पुनः रोहतक में आकर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए और सम्पूर्ण देश के लिए गौरव का विषय है कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश एक लंबी गुलामी के बाद आजाद हुआ और आज उसी आजादी के उत्सव के अवसर पर पूरे देश में तिरंगा यात्राओं की धूम मची हुई है।




लाडवा। तिरंगा यात्रा में भाग लेते स्वयंसेविकाओं के साथ प्राचार्य डा.कुशल पाल।




लाडवा। हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना करती उपाध्यक्ष सुमन सैनी।,

### तिरंगा यात्रा से दिया देशभक्ति का संदेश : सुमन

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हमारी सेनाएं हमारी शान हैं और यह तिरंगा सिर्फ एक कपड़ा नहीं, हमारी आत्मा है। हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव-गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूरे हरियाणा और देश को यह संदेश दिया है कि देशभक्ति गांव की मिट्टी के कण-कण में बसी हुई है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें। तिरंगा यात्रा के दौरान कई युवा खुद को देशसेवा के लिए तैयार बताते नजर आए। सुमन सैनी सोमवार को लाडवा हलके के 18 गांवों में निकाली गई यात्रा की अध्यक्षता कर रही थी। सुमन सैनी ने तिरंगा यात्रा को लाडवा बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा लाडवा के बाद गांव संभालखा, बकाली, धनौरा जाटान, सुल्तानपुर, कालीराणो से होते हुए बाबैन व पिपली खंड के गांवों में पहुंची। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उपाध्यक्ष की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश के वीर सैनिकों व शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में चलाई जा रही इस मुहिम में बढ़चढ़ कर योगदान दिया।

## पिहोवा में निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

### सेना को सलाम और देशभक्ति का अद्भुत उत्सव

आज़ादी के अमृत महोत्सव और 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पिहोवा में सोमवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखा, जब शहर की गलियों में लहराते तिरंगों और गूंजते देशभक्ति नारों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुरूक्षेत्र रोड पर भाजपा कार्यालय से यात्रा का शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज, देशभक्ति गीतों की धुन और हाथों में तिरंगे लहराते हजारों लोगों ने पूरा माहौल देशभक्ति मय कर दिया। यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद स्मारक तक पहुँची। रास्तेभर घरों, दुकानों और चौराहों से नागरिकों ने फूल बरसाकर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।



#### शहीद स्मारक पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

शहीद स्मारक पर पहुंचते ही भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा व सभी उपस्थित जनों ने उन वीर सपूतों को नमन किया जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की और तिरंगे की आन, बान, शान को सदैव ऊँचा रखा। शहीदों के नाम पर दो मिनट का मौन रखा गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, डीएसपी निर्मल कुमार, व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग, हन्नु चक्रपाणि जिला प्रमुख मन की बात, मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, सतीश सैनी जिला कष्ट निवारण सदस्य आदि मौजूद रहे।

---

## प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण वितरण का समारोह 13 को

- पिपली अनाज मंडी में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पिपली अनाज मंडी में 13 अगस्त को सुबह 10 बजे कुम्हार/प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी शिरकत करेंगे। अहम पहलू यह है कि इस राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर व करनाल के हजारों लाभार्थी पहुंचेंगे। उपायुक्त महावीर प्रसाद सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से कुरुक्षेत्र में 13 अगस्त को कुम्हार/प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम होने जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस मौके पर एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अभिनव सिवाच, एसडीएम डा.चिनार चहल, नगराधीश आशीष कुमार, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, डीएसपी सुनील कुमार, डीएसपी रोहताश सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त महावीर।



कुरुक्षेत्र। श्रीगीता धाम के प्रांगण में पौधरोपण करते भारतीय योग संस्थान के साधकगण।

### योग साधना एवं पौधरोपण कर मनाया जिला एवं जोन प्रधान का जन्मदिन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान कृष्ण योग जिला के प्रधान देवी दयाल सैनी और इसी जिला के प्रोफेसर कॉलोनी जोन की प्रधान मिथिलेश चौधरी का जन्मदिन संस्थान के साधकों द्वारा श्रीगीता धाम योग साधना केंद्र में प्रातःकाल सामूहिक योगाभ्यास एवं पौधारोपण कर मनाया गया। संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने सूक्ष्म क्रियाएं, गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि, गायत्री मंत्र व योगासनों का अभ्यास करवाया। हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं संस्थान के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ मनीष कुकरेजा ने हास्य आसन, तालबद्ध प्राणायाम, ध्यान साधना व शांति पाठ का अभ्यास करवाया। योगाभ्यास के पश्चात चौधरी मांगेराम, के एल मनचंदा व गुलशन ग्रोवर ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए। पराशर, कमला देवी, मनीराम सैनी, उषा शर्मा, जितेंद्र तलवार, रामकरण शर्मा, विनोद वर्मा, विनोद अग्रवाल, प्रेम कंसल, प्रदीप रोशा, श्रीनिवास गोयल, आत्म सचदेवा, सुरेश गर्ग, रमेश गुप्ता, नरेश गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, भीमराज सैनी, रुक्मण, नीलम, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

---

## मुख्यमंत्री सैनी से मिला हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा का शिष्टमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ निवास पर मिला। रंबा ने मुख्यमंत्री से मांग की ओबोसी समाज के बोर्डों के चेयरमैन व मैंबर बनाए जाए। उन्होंने मांग की कि जिनकी आयु 75 वर्ष से ज्यादा है और वह अपने असले का लाइसैंस अपने वारसान के नाम करवाना चाहता है तो वह जायज कानून के तहत बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्म एक्ट के तहत एक पॉलिसी बनाई जाएगी, जिससे आम आदमी को फायदा हो। चेयरमैन व बोर्ड के मैंबर भी शीघ्र बनाने का आश्वासन दिया और सामाजिक मुद्दों व नीतियों व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि अभियान निरंतर चलाया जाए और भ्रष्टाचारी को जड़ से खत्म करो और प्रदूषण को खत्म करने के लिए पौधे अधिक से अधिक लगाए। इसके अलावा बिजली व जल बचाओ अभियान चलाओ और आपदा की घड़ी में एक दूसरे के काम आओ तभी आत्मनिर्भर और विकसित भारत 2047 बनेगा। रंबा ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है वह जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और सबको एक धारा में लाने में चाहता है।



**त्योहार** हर वर्ष की भांति इस बार भी जन्माष्टमी व्रत को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बन रही

## भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र पर मनाई जाती जन्माष्टमी : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हर वर्ष की भांति इस बार भी जन्माष्टमी व्रत को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जन्माष्टमी का व्रत 15 को रखें या 16 अगस्त को रखें इसको लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। लेकिन सभी पंचांगकारों ने जन्माष्टमी का व्रत 15 अगस्त को मनाना शास्त्र सम्मत बताया है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को जन्माष्टमी कहा जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र पर हुआ था। हर साल भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र पर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। हर साल इस पावन दिन भगवान कृष्ण के बाल रूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान श्रीकृष्ण का 5252वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस साल जन्माष्टमी की तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। पंचांग के अनुसार 15 अगस्त की रात 11.49 बजे अष्टमी तिथि शुरू हो रही है और इसका समापन 16 अगस्त को रात्रि 9.24 बजे होगी। वहीं, रोहिणी नक्षत्र का आरंभ 17 अगस्त को सुबह 4 बजकर 38 मिनट पर होगा। इस साल अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का मिलन ही नहीं हो रहा है। जिस वजह से भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

#### जन्माष्टमी पर पूजा विधि



घर की सफाई करके पूजा स्थल को फूल, दीप और सजावट से सुंदर बनाएं। स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें और यथासंभव व्रत रखें। भगवान श्रीकृष्ण का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल) से अभिषेक करें। नये वस्त्र, चंदन, फूल, तुलसी दल और आभूषण अर्पित करें। रात्रि 12 बजे शंख-घंटी बजाकर जन्मोत्सव का पूजन करें और आरती करें। भजन, कीर्तन और श्रीकृष्ण की लीलाओं का पाठ करें, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास हो। व्रत का पारण अगले दिन प्रसाद के साथ करें और सभी में बांटें।

## खबर संक्षेप

### 26 बोतल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के गांव मघरपुरा से शराब बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश को 26 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी अंकुश शराब बेचने का कार्य करता है। उसके घर पर भारी मात्रा में शराब रखी हुई है। पुलिस ने रेड कर आरोपी को 26 बोतल शराब सहित काबू किया है।

### हर नागंरिक को मिले झंडे की जानकारी

**बराड़ा।** स्वतंत्रता दिवस नज़दीक है। पूरा देश 15 अगस्त को गर्व और उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में जुटा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत देशभर में घर-घर पर राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लीगल हेड एडवोकेट अरुण बिड़लान ने कहा कि यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है लेकिन 15 अगस्त के बाद अक्सर राष्ट्रीय ध्वज की ओर लोगों का ध्यान नहीं रहता। सरकार को चाहिए कि वह इंडियन फ्लैग कोड की जानकारी हर नागरिक तक पहुंचाए।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज

**बराड़ा।** ब्लॉक स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियाँ ज़ोर-शोर से चल रही हैं। संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज के सभागार में सोमवार को विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थी देशभक्ति के रंग में रंगे नज़र आए। कई स्कूलों की टीमों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि एसएमएस. कॉलेज की छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया।

### गुरु ब्रह्मानंद ने महिलाओं को शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रदेश के फ्रेस्नो शहर में जगतगुरु श्री ब्रह्मानंद मंदिर एवं आश्रम शिलान्यास समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मानंद आश्रम कुरुक्षेत्र की पूजनीय माता दर्शनी देवी ने की। कार्यक्रम में अमेरिका में रहने वाले ब्रह्मानंद जी के हजारों अनुयायियों ने भाग लिया तथा अशोक अरोड़ा का गर्मजोशी से स्वागत कया। ब्रह्मानंद जी के अनुयायियों द्वारा यह आश्रम एवं मंदिर पांच एकड़ भूमि में बनाया जाएगा।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा सैलाब, कई बाजारों से होकर निकली यात्रा में युवाओं ने दिखाया देशभक्ति का जज्बा

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले सामाजिक और देशभक्ति के साथ हर घर की छत पर फहराया जाएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का दृश्य।

पूर्व राज्यमंत्री एवं हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक असीम गोयल के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा अंब कमल कार्यालय से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री ने ट्रैक्टर चलाकर इस यात्रा का आगाज किया। यात्रा में शामिल दो पहिया वाहनों के साथ हाथो में तिरंगा लेकर यात्रा की अगुवाई की। इस यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। पूर्व राज्यमंत्री एवं हर घर तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक असीम गोयल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आहवान पर पूरे प्रदेश व देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में यहां से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत सामाजिक और देशभक्ति के साथ हर घर की छत पर तिरंगा फहराया जाएगा जिसके लिए इस यात्रा के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जा रहा है। यात्रा में आज भारी संख्या में युवाओं व अन्य ने शामिल होकर देशभक्ति का परिचय दिया है। इंद्र देवता भी प्रसन्न हैं। बारीश होने के बावजूद इस यात्रा में शामिल लोगों का हौसला नहीं डिगा बल्कि कारंवा बढ़ता गया। यात्रा आगे निरंतरता में चलेगा। इस अभियान के तहत सेंट्रल जेल के नजदीक स्थापित अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई और अमर शहीदों को नमन किया गया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के आयोजन को लेकर पूरे देश व प्रदेश में लोग उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान हैं। हर नागरिक व युवा में यह भावना बढनी चाहिए, मजबूत होनी चाहिए। युवाओं की संख्या से दृष्टि से देश दुनिया में अग्रणी स्थान पर हैं। भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में हमें मिलकर कार्य करना हैं। तिरंगा यात्रा का संदेश लेकर 11 अगस्त से 14 अगस्त तक देश के हर कौने में, जिले में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्रा को लेकर उत्साह व जोश हैं। यह यात्रा अंबाला ही नहीं बल्कि पूरे देश व प्रदेश में सामाजिक व राष्ट्र भावना का संदेश लेकर निकाली जा रही हैं। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से यात्रा में शामिल लोगों में उत्साह भरने का काम किया। वंदे मातरम् तथा भारत माता के जय घोष से पूरा वातावरण देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। यात्रा में शामिल युवाओं व अन्य लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र भावना का संदेश देते हुए सभी को देश हित के लिए आगे आने के लिए पे्ररित किया। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय सेक्टर 8-9 से शुरू होकर मानव चौक, कोर्ट रोड, अग्रसेन चौक, शुकलकुंड रोड, बाजार बस्ती राम, सर्राफा बाजार, दाल बाजार, पटेल रोड, जगाधरी गेट, आर्य चौक, शौर्य चौक, पृथ्वी राज चौहान चौक होते हुए शहीद स्मारक नजदीक सेंट्रल जेल पर आकर संपन्न हुई। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ-साथ यहां पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया। हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने तिरंगा यात्रा का सफलता पूर्वक आयोजन करवाया।

हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखने का था, मोटरसाइकिलल व अन्य दो पहिया वाहन पर सवार यात्रा में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा व पट्टिकाएं लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारों से पूरा वातावरण राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। जगह-जगह पर यात्रा का लोगों ने भव्य अभिनंदन किया। कई जगहों पर पुष्प वर्षा करके यात्रा का भव्य अभिनंदन किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, सुंदर ढींगरा, राजेश मेहता, दिनेश लदाना, अमन सूद, रविंद्र गुप्ता, मनीष आनंद मन्नी, यतिन बंसल, बीनू गर्ग, नवनीत भल्ला, टीपी सिंह, संजीव गोयल टोनी, अमरजीत सिंगला, गुरप्रीत साना, आशीष टक्कर, हितेष जैन, हरीश शर्मा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तिरंगे की शान में देशभक्ति के गीतों ने बांधा समां, कई गांवों से होकर निकली तिरंगा यात्रा


**शहजादपुर।** पूर्व विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण।

**शहजादपुर।** कड़ासन मंडल में सोमवार को तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ खुड्डा खुर्द से हुआ। यह जो रत्नेहड़ी, मुन्नरहेड़ी, रोलों से होते हुए हरमन सिटी में जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति गीतों, नारों और तिरंगे की शान से वातावरण गूंज उठा। गांव मुन्नरहेड़ी में यात्रा के दौरान शहीद नैब सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से देशभक्ति का जोश जगाया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं बल्कि उन लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी का प्रतीक है जिन्होंने अपने प्राण देश की आजादी के लिए न्यौछावर कर दिए। तिरंगे की शान और देश की एकता-संप्रभुता के लिए हर नागरिक को संकल्प लेना चाहिए। युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरजिंदर पाल, मोहित शर्मा, राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र राणा, जगमाल सिंह, बृजपाल राणा, अशोक राणा, सुनील मेहता, रवींद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेंद्र कश्यप, रामचंद्र, गोपाल कृष्ण, टिंकू, अनिल, अमनदीप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईमानदारी का आचरण जीवन में अपनाना ही सत्यपाल मलिक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अन्तर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों मे धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद, पूर्व प्रधान रणजीत सिंह, बनी सिंह ढूल, हरिकेश सहारन, होशियार सिंह बारवा, नरेन्द नैन व मीडिया कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर श्रद्धांजलि देने वालों मे मौजूद रहे। श्रदांजलि देते हुए डॉ कृष्ण श्योकंद ने कहा कि सत्यपाल मलिक का एकदम से जाना समाज के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है जो किसी भी कीमत पर पूरा नही हो सकता। उन्होंने कहा की उनका जीवन एक खुली किताब की तरह रहा है। वह अपने राजनितिक व सामाजिक जीवन मे कभी भी गलत बात पर नही झुके । उनका ईमानदार आचरण समाज के लिए बहुत बड़ी देन है। उनके द्वारा समाज के लिए ईमानदारी से किये गए कार्य को यदि हम अपने जीवन मे अपनाएं तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य शिक्षाविदों पूर्व सरपंचो आदि ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर पूर्व प्रधान कर्मबीर सरपंच, राजपाल किरमच, पूर्व प्रधान सुरेंद्र, पूर्व सरपंच टेकचंद बारना, समशेर ढूल, जिला पार्षद सुखा गोदारा, सुरेंद्र किरमच.कुलदीप ढिल्लों हथीरा. सुभाष अटठेड़ी. दरिया सिंह घराडसी, रामकरण मगोली, ऋषिपाल आदि समाज के संकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## हरियाणवी डांस पर स्कूली छात्रों ने मचाया धमाल

- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अनाजमंडी में आयोजित होगी फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे।

उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाली परेड मार्च पास्ट की रिहर्सल अतिरिक्त अनाज मंडी में की गई। इस अवसर पर मुख्याध्यापक सुरेंद्र्र धीमान द्वारा एनसीसी की टुकडियों की परेड एवं मार्च पास्ट की रिहर्सल करवाई गई।

समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मार्च पास्ट/परेड़ की रिहर्सल 12 अगस्त को 9 बजे अतिरिक्त अनाज मंडी में होगी। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड़ की रिहर्सल की गई जिनका अवलोकन खण्ड़ शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर, खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार, स्टेनो नवीन सैनी, सीडीपीओं अरविंद्र कौर, एआईपीआरओ मनोज वालिया तथा प्राध्यापक संजय धीमान द्वारा किया गया। प्रतिभागी बच्चों को उनकी प्रस्तुति को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक कुलवंत सिंह, पीटीआई राजकुमार व स्कूलों के एनसीसी इंचार्ज व अध्यापक मौजूद रहे।

परेड की रिहर्सल में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल , पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल में एसडी स्कूल के बच्चों द्वारा डंबल व हरियाणवी सांग पर अपनी प्रस्तुति दी गई। डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति पर आधारित लघु नाटिका, बल्यू बैल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा हरियाणवी लोक गीत पर, सन राईज पब्लिक स्कूल बनौदी द्वारा देश भक्ति गीत पर, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर द्वारा पंजाबी गिद्दा की प्रस्तुति दी गई।

पराइम स्टेप इंटरनेशनल स्कूल शहजादपुर, प्रोविड़स स्कूल शहजादपुर, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा रिहर्सल में भाग लिया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने बैंड पर अपनी प्रस्तुति दी।

## डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों की महत्ता पर दिया जोर

- एमडीएसडी कॉलेज में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब पर लघुकालीन पाठ्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य वक्ता व कॉलेज छात्र।

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की लाइब्रेरी में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब पर लघुकालीन पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय कोर्स में कॉलेज के लगभग 50 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं को नेशनल डिजिटल लाईब्रेरी ऑफ इंडिया के विभिन्न संसाधनों, सेवाओं एवं सुविधाओं से परिचित कराना था। प्रतिभागियों को एनडीएलआई पोर्टल के उपयोग, विषयवस्तु खोज, सदस्यता प्रक्रिया व क्लब की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की आयोजक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ने डॉ. कौशल चौहान ने बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभागियों को डिजिटल युग में पुस्तकालय संसाधनों के महत्व से अवगत करवाया।

साथ ही एनडीएलआई की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कॉलेज की प्राचार्या कर्मजीत कौर ने डॉ. कौशल चौहान को इस ज्ञानवर्धक कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए बधाई दी। उन्हें ऐसे शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रशिक्षणों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऐसे कोर्स छात्रों को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। क्लब की सदस्यता के लिए प्रेरित किया गया।

## वेतन न मिलने पर एनएचएम कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर बैठे

**अंबाला।** नागरिक अस्पतालों में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार पैन डाउन हड़ताल पर बैठ गए। यह कर्मचारी केवल एमरजेंसी सेवाएं ही दे रहे हैं। ऐसे में अस्पताल की ओपीडी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित हो गई है। हालांकि अस्पतालों में स्थाई स्टाफ कार्यरत है। लेकिन एनएचएम कर्मचारियों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी कैंट व सिटी के नागरिक अस्पताल में देखने को मिल रही है। 10 से 12 बजे तक ये हड़ताल रखी गई।

## वोट चोरी लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन बोले मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा राष्ट्र के प्रति विश्वासघात है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि देश के लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में इस समय एक मौन मगर भयावह षड्यंत्र चल रहा है वोट की चोरी। यह न तो तकनीकी भूल है न प्रशासनिक चूक और न ही आंकड़ों की कोई हल्की गड़बड़ी बल्कि संविधान की नींव पर किया गया सुनियोजित प्रहार है। जब मतदाता सूची की पवित्रता ही संदिग्ध हो, तो जनादेश की पवित्रता कैसे सुरक्षित रह सकती है? उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मुद्दा छह महीने की गहन जांच और स्वयं चुनाव आयोग द्वारा जारी दस्तावेज़ों के आधार पर उठाया है। हर तथ्य प्रमाणों और शोध के साथ प्रस्तुत किया गया है। महादेवपुरा (कर्नाटक) का उदाहरण जहां 1,00,250 फर्जी नाम मतदाता सूची में जोड़े गए,डुप्लीकेट प्रविष्टियां, नकली पते, अमान्य और धुंधली तस्वीरें, 'फॉर्म-6' का दुरुपयोग, यहां तक कि "हाउस नंबर 0" पर दर्ज हजारों मतदाता ये सब किसी तकनीकी त्रुटि की निशानी नहीं बल्कि किसी अदृश्य शक्ति के इशारे पर किया गया संगठित अपराध है। जैन ने कहा कि जब राहुल गांधी ने डिजिटल मतदाता सूची की मांग की तो चुनाव आयोग ने उसके बदले कागज़ का पहाड़ थमा दिया जिसकी जांच में छह महीने लग गए। इसी दौरान कानून में संशोधन कर केवल डेढ़ महीने में सीसीटीवी फुटेज मिटा दी गई। उन्होंने तीखे लहजे में सवाल किया सबूत कौन छुपाता है? वही जिसे चोरी पकड़े जाने का भय हो। यह केवल एक चुनावी घोटाला नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डिजिटल

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और पाकिस्तान के इतिहासकार भी करेंगे हिस्सेदारी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हो रहा है। एकेडमिक डिवेलपमेंट सैल व इतिहास विभाग की तरफ से आयोजित इस सेमिनार का विषय स्वतंत्रता संघर्ष व क्रांतिकारियों की भूमिका है। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने बताया कि सेमिनार का शुभारंभ हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़ करेंगे। सेमिनार के संयोजक व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल यादव ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में ऑस्ट्रेलिया,जर्मनी व पाकिस्तान के इतिहासकार जुड़ेंगे। इसके अलावा प्रदेश व अन्य राज्यों से करीब डेढ़ सौ शिक्षक व शोधार्थी भी सेमिनार में भाग लेंगे। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एनसीबी की ओर से आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम, छात्रों ने भी ली शपथ

## नशे के खिलाफ रोडवेज के चालकों व परिचालकों को किया जागरुक

- नशे के खिलाफ मुहिम में शामिल होने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** नशे के खिलाफ पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों को शपथ दिलवाते डॉ. अशोक वर्मा।

राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सोमवार को अंबाला छावनी के बस अड्डा में चालक प्रशिक्षुओं को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया। यह कार्यक्रम चालाक प्रशिक्षु प्रभारी कृष्ण लाल की उपस्थिति में हुआ जिसमें 76 चालक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। तत्पश्चात वर्मा द्वारा अंबाला शहर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान 350 छात्र छात्राओं एवं प्रशिक्षकों आदि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा की अध्यक्षता में हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा ने विद्यार्थियों का प्रथम दिन मार्गदर्शन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा एनसीबी का गठन केवल नशा मुक्त ड्रग फ्री हरियाणा करने के लिए किया गया है। ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5930 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोगों में 5328 नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखाया गया है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित करके 3051 अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है। इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख की संपत्ति जब्त की गयी है। उन्होंने आगे बताया कि नशे को समूल नष्ट करने के लिए दूसरा कार्य जागरूकता का किया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न चला जाए। उन्होंने कहा कि चालक का उत्तरदायित्व बहुत अधिक होता है। उन्हें तो नशे से सदैव दूर रहना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं 1933 अथवा एनसीबी पोर्टल अथवा 9050891508 पर भी दी जा सकती हैं। संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा ने ब्यूरो का आभार व्यक्त किया।